**प्रतियोगिता** | अंतर जिला सीनियर क्रिकेट स्पर्धा के सेमीफाइनल में कटनी को हराया

# छिंदवाड़ा 2 रन की रोमांचक जीत के साथ फाइनल में







**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला सीनियर बालक वर्ग एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता (50-50 ओवर) के दूसरे सेमीफाइनल में छिंदवाड़ा जिले ने कटनी जिले को केवल 2 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। यह मुकाबला 27 फरवरी 2026 को एम पी सी ए स्टेडियम नीमखेड़ा में खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए छिंदवाड़ा ने निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट पर 252 रन बनाए। सेजल भादे ने शतकीय पारी खेलते हुए 107 रन बनाए, जिसमें 14 चौके और 1 छक्का शामिल था। पूर्णांक राव ने 33, शांतनू राजपूत 26, वंदित जोशी 25 और मानव शर्मा 15 रन बनाए। कटनी की ओर से राजा खान ने 3, आकाश त्रिपाठी और अतुल परिहार ने 2-2 विकेट तथा सुमित सिंग ने 1 विकेट लिया। एक बल्लेबाज रन आउट हुआ।

### कटनी का हार के बावजूद संघर्षपूर्ण प्रयास

जवाब में कटनी के बल्लेबाजों ने आखरी ओवर तक मुकाबला बनाए रखा। श्री गट्टानी ने 134 (141) रनों की शानदार पारी खेली। उन्होंने विभांशु मिश्रा (66 रन साझेदारी) और अयाज अनवर (52 रन साझेदारी) के साथ अहम साझेदारियां निभाईं। विभांशु मिश्रा ने 25 और अयाज अनवर ने 22 रन बनाए। छिंदवाड़ा की ओर से विक्रम सिंह ठाकुर ने 4, वंदित जोशी 3, राहुल 2 और अचिंत ठाकुर ने 1 विकेट लिया।

### फाइनल मुकाबला आज

अम्पायर त्रिलोक नायडू और प्रतीक खरे तथा स्कोरर सचिन साहू के निर्देशन में मैच संपन्न हुआ। एम पी सी ए के आब्जर्वर सोनू राबिंसन और जबलपुर संभागीय सीनियर टीम के चयनकर्ता प्रशांत द्विवेदी और गोपाल दत्त जोशी भी उपस्थित रहे। आज 28 फरवरी 2026 को फाइनल मुकाबला जबलपुर बनाम छिंदवाड़ा के बीच प्रात: 9 बजे एम पी सी ए स्टेडियम नीमखेड़ा में होगा।

# जबलपुर की छात्रा ने स्किल इंडिया प्रतियोगिता में मारी बाजी

**एश्वर्या को 'मैडेलियन फॉर एक्सिलेंस' अवॉर्ड से नवाजा गया**



**नवभारत,जबलपुर।** युवाओं में कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केन्द्र शासन के कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा गांधी नगर गुजरात में 15 से 18 फरवरी तक आयोजित की गई स्किल इंडिया रीजनल कॉम्पटीशन (वेस्टर्न रीजन) में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय जबलपुर की कम्प्यूटर साइंस की छात्रा एश्वर्या विश्वकर्मा ने मैडेलियन फॉर एक्सिलेंस अवॉर्ड प्राप्त कर जबलपुर और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। ऐश्वर्या विश्वकर्मा ने इस प्रतियोगिता में डेटाबेस कनेक्टिविटि के साथ अलग-अलग वेब एप्लीकेशन तैयार कर यह उपलब्धि हासिल की। एश्वर्या ने बताया कि उसकी इस उपलब्धि की यात्रा जिला स्तरीय प्रतियोगिता से प्रारंभ हुई। जिला स्तर पर चयनित होने के पश्चात उसे भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के दौरान, निर्धारित समयावधि में उसे 'स्मार्ट सिटी' विषय पर एक एप्लीकेशन डिज़ाइन एवं विकसित करने का कार्य दिया गया। एश्वर्या ने इस समय सीमा के भीतर एक वेब एप्लीकेशन तैयार की, जिसमें स्थानीय पर्यटन स्थलों, निकटवर्ती अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों तथा उनसे संपर्क करने की समस्त आवश्यक जानकारी को सुव्यवस्थित रूप से सम्मिलित किया गया।

### कक्षा नौवीं से ही प्रोग्रामिंग में विशेष रुचि रही

न्यू रामनगर आधारताल निवासी आशुतोष विश्वकर्मा एवं श्रीमती भारती विश्वकर्मा की सुपुत्री एश्वर्या को कक्षा नौवीं से ही प्रोग्रामिंग में विशेष रुचि रही है। एश्वर्या ने अपनी स्कूली शिक्षा वाणिज्य संकाय से पूर्ण की, फिर भी अपने जुनून को पहचानते हुए उसने पॉलिटेक्निक में प्रवेश लेने का निर्णय लिया। एश्वर्या ने कहा कि उसका लक्ष्य ऐसा सॉफ्टवेयर समाधान विकसित करना है जो देश की वास्तविक समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सके।

# खाद्य तेल क्षेत्र में पुनर्योजी कृषि पर राज्य स्तरीय परामर्श बैठक

**नीति निर्माण, बाजार संपर्क, वैज्ञानिक सुझाव और संस्थागत समाधान पर व्यापक चर्चा**



**नवभारत, जबलपुर।** सेंटर फॉर एडवांस्ड रिसर्च एंड डेवलपमेंट द्वारा सॉलिडेरिडाड के यूरोपीय संघ समर्थित कार्यक्रम के अंतर्गत खाद्य तेल आपूर्ति श्रृंखला के हितधारकों के साथ संवाद एवं परामर्श विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, अग्रणी सामाजिक संस्थाओं, किसान उत्पादक संगठनों तथा महिला किसान उत्पादक कंपनियों सहित कुल 66 प्रतिभागियों ने भाग लिया। बैठक में मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार, योजनाओं के अभिसरण की चुनौतियाँ, जलवायु परिवर्तन तथा महिला और मध्यम किसानों की भूमिका पर विशेष विचार-विमर्श किया गया। डॉ सुरेश मोटवानी सॉलिडेरिडाड ने मिट्टी की उर्वरता, जल प्रबंधन और जैव विविधता को सशक्त बनाने वाली पुनर्योजी खेती पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया। किसान प्रतिनिधियों ने खेत स्तर पर प्राप्त बेहतर उत्पादन और मिट्टी सुधार के अपने अनुभव साझा किए। वहीं डॉ विवेक शर्मा (कार्ड) ने पुनर्योजी कृषि पर कार्यरत सभी संस्थाओं को एक साझा मंच पर लाने की आवश्यकता बताई। बैठक में उपस्थित कृषि वैज्ञानिकों ने पुनर्योजी कृषि पद्धतियों को विभिन्न विभागीय योजनाओं से जोड़ने पर बल दिया।

# रादुविवि में 'मैं अकेला नहीं हूं' अभियान आयोजित

**नवभारत,जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 'बात करें बोझ हल्का करें' अभियान के अंतर्गत 'मैं अकेला नहीं हूँ' विषय पर समूह परिचर्चा एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा के नेतृत्व और कुलसचिव प्रो. सुरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ. देवीलता रावत, सहायक नोडल अधिकारी एवं सचिव डॉ. मीनल दुबे, सहायक नोडल अधिकारी डॉ. रानी वैद्य और डॉ. मोहसिना खान ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया। पीअर-ग्रुप मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ के विद्यार्थियों के सहयोग से आयोजित इस परिचर्चा में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन का संदेश दिया।

# ओपन कैम्पस में 32 छात्रों का हुआ चयन



**नवभारत, जबलपुर।** तक्षशिला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में बी.टेक., पॉलीटेक्निक एवं आईटीआई के छात्रों हेतु हेतु धूत ट्रांसमीशन प्रा. लिमि. औरंगाबाद (महाराष्ट्र) द्वारा ओपन कैम्पस का आयोजन किया गया। छात्रों ने प्लेसमेन्ट वार्ता, एप्टीट्यूड टेस्ट, लिखित परीक्षा दी तथा उत्तीर्ण छात्रों का साइकोमैट्रिक टेस्ट तथा फाइनल साक्षात्कार होने के पश्चात् 32 छात्रों का चयन हुआ, जिनका जॉब लोकेशन औरंगाबाद होगा। धूत ट्रांसमीशन प्रा. लिमि, औरंगाबाद के एच. आर अभिनव यादव ने बताया कि सभी चयनित छात्रों को ट्रेनी के पद पर नियुक्ति दी जायेगी। चयनित छात्रों को संस्था के चेयरमेन आर.एन. पहारिया, सचिव शरद कुमार गुप्ता, संयुक्त सचिव शरद जैन, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. आई. के. अन्ना, प्राचार्य डॉ. बी. के. साहू ने बधाई दी। कैम्पस को सफल बनाने में टीपीओ डॉ. नितिन गौर, प्रो. गुरंबानी कौर पदम, प्रो. पलक पैगवार, आशुतोष पाण्डेय, मो. फैजल अंसारी एवं अनीता गुप्ता का विशेष योगदान रहा।

### एमबीए विभाग ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

तक्षशिला इंजीनियरिंग कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में भाषण, वाद-विवाद एवं कविता पाठ आदि की प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। इसका शीर्षक 'हमारी भाषा, हमारी पहचान, हमारी संस्कृति, हमारी शान' था। प्रतियोगिता में आयुष गुप्ता, शुभी श्रीवास्तव एवं शुभम शर्मा वाद विवाद टीम 1 तथा अंशिका श्रीवास्तव, मयंक रजक, रवि जायसवाल, आशुतोष बर्मन वाद-विवाद टीम 2 एवं अर्पिता गुप्ता ने भाषण प्रतियोगिता में नगद राशि और प्रमाण पत्र प्राप्त किये। यह कार्यक्रम संस्था के एम.बी.ए. विभाग द्वारा प्रस्तुत किया गया।

# डुमना महगवां में तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन




**नवभारत,जबलपुर।** डुमना महगवां स्थित खाटू श्याम मंदिर में 'हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा' के तहत तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

आयोजन के प्रथम दिन सुहागन पूजा का आयोजन किया गया तथा एकादशी के अवसर पर भगवान खाटू श्याम को विशेष भोग अर्पित किया गया। तीसरे दिन ठाकुर जी की होली रंगों के साथ धूमधाम से मनाई जाएगी। मंदिर की संस्थापक संतोषी माता एवं मन्नत महाकाली दरबार के पुजारी पंडित रमेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बाबा श्याम के दरबार में जो भी भक्त दुनिया से हार जाता है, उसे यहां सहारा मिलता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्याम प्रेमियों ने मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को लेकर क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल बना हुआ है।

**G.S.College of Commerce and Economics (Autonomous)**
**Civil Lines, Jabalpur(M.P.)** Email id: principal@gscollege.org
**Run by: Shiksha Mandal M.P. Shakha, Jabalpur (M.P.)**

**FACULTY APPOINTMENT**

**BCA/MCA (Computer Science)**
Professor/Associate Professor - 01
Assistant Professor -02

**BBA (Management)**
Assistant Professor - 04

**(Qualification as per UGC/AICTE/State Govt. norms)**

Please submit your C.V. and all documents at G. S. College of Commerce & Economics (Autonomous) Civil Lines, Jabalpur (M.P.) - 482001 (Timing 10 am to 4pm within 7 days.) or you may email your application with Complete biodata alongwith copies of all documents and recent photograph.

**Managing Secretary** **Principal**



# 42 वर्ष की सेवा उपरांत सेवानिवृत्त हुए सोनी

**नवभारत,जबलपुर।** संभागीय जनसंपर्क कार्यालय जबलपुर में पदस्थ निज सहायक मिथिलेश सोनी अपनी 42 वर्ष की सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त हुए। श्री सोनी के सेवानिवृत्ति के अवसर पर जनसंपर्क कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं व विदाई दी। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने श्री सोनी के कार्यकाल को याद किया और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# कृष्णा बने प्रदेश महामंत्री



**नवभारत, जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सहमति से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा, मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार द्वारा संगठनात्मक नियुक्तियों की घोषणा की गई, जिसमें जबलपुर के कृष्णा चौधरी को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है।

**नाम सुधार सूचना**

मैं मोहम्मद नैय्यारूल इस्लाम कुरैशी पिता मोहम्मद नसीम कुरैशी उम्र 25 वर्ष निवासी 766/1609 मंडी मदार टेकरी कब्रिस्तान के सामने, असफाक उल्लाह खान वार्ड जबलपुर म.प्र. पिन- 482002 शपथ पूर्वक घोषणा करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट में मेरे नाम की स्पेलिंग (NAYYARUL ISLAM QURESHI) दर्ज है जो कि गलत है जबकि मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों एवं आधार कार्ड, पेन कार्ड में मेरे नाम की स्पेलिंग (MOHAMMAD NAIYARUL ISLAM QURESHI) दर्ज है जो कि सही हैं एवं मेरी माँ के नाम की स्पेलिंग मेरे पासपोर्ट में (NAGINA KHATOON QURESHI) दर्ज है जो कि गलत है जबकि मेरे शैक्षणिक दस्तावेज में मेरी माँ का नाम (NAGEENA KHATOON) दर्ज है जो कि सही है मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता के नाम की स्पेलिंग (MOHAMMED NASEEM QURESHI) दर्ज है जा कि गलत है जबकि मेरे आधारकार्ड/ मार्कशीट एवं पेनकार्ड में मेरे पिता का नाम (MOHAMMAD NASEEM QURESHI) दर्ज है जो कि सही है अतः मेरे पासपोर्ट में मेरे नाम की स्पेलिंग/ मेरी माँ के नाम की स्पेलिंग एवं मेरे पिता के नाम की स्पेलिंग में सुधार करने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**पश्चिम मध्य रेल**
**वाणिज्य विभाग-जबलपुर मंडल**
**क्र. जबल/सी/170/ई-ऑक्शन/विविध/26**
**दिनांक : 26.02.2026**

वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक जबलपुर द्वारा IREPS पर पंजीकृत संस्थाओ से ई-ऑक्शन के माध्यम से सामान्य भुगतान और उपयोग वाले शौचालय का संचालन हेतु बोलियाँ आमंत्रित की जा रही है। ऑक्शन कैटेलाग को IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया जा चुका है। जबलपुर मंडल के आगामी ई-ऑक्शन का विवरण निम्नवत है। **श्रेणी**-पे एण्ड यूज, **कैटेलाग**-JBP-PayUse-SGO, **एसेट विवरण**-सागर में सामान्य भुगतान और उपयोग शौचालय का संचालन। **ऑक्शन प्रारंभ होने की तिथि एवं समय**-13.03.2026 को 13:00 बजे। **ऑक्शन समापन की तिथि एवं समय**-13.03.2026 को 13:30 बजे। **नोट**- 1. बोलीदाताओ को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित जानकारी के लिए रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in देखे। 2. उक्त ई-ऑक्शन आई. आर. ई.पी.एस. (IREPS) के ई-ऑक्शन मोड्यूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। 3. ई-ऑक्शन सम्बन्धित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम एवं शर्ते आदि आई. आर. ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 4.बोलीदाता IREPS में उल्लेखित दिनांक एवं समय के अनुसार ही ई-ऑक्शन में भाग ले सकते है। 5. सभी संभावित बोलीदाताओ से अनुरोध है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित किसी भी शुद्धिपत्र हेतु नियमित रूप से रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करते रहे।

**(हस्ता.)**
**कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)**
**पश्चिम मध्य रेल/जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर**

सूचना क्रमांकः EO/Tender/ET-06/2025-26/577 दिनांक : 27/02/2026

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में नवीनीकरण कार्य हेतु प्रतिष्ठित एवं अनुभवी आर्किटेक्ट / परामर्शी सेवा/ संस्था (फर्म)/ कम्पनी एवं विश्वविद्यालय अंतर्गत विभिन्न संस्थानों//इकाइयों में कार्य हेतु हार्डवेयर सामग्री की सप्लाई के कार्य हेतु ई-टेंडरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा प्रपत्र व निविदा की विस्तृत शर्ते वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। ई-निविदा प्रकाशन उपरांत निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है तो वह मात्र उपरोक्त उल्लेखित ई-टेंडर पोर्टल पर ही उपलब्ध रहेगा।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित निविदा लागत रू. | धरोहर राशि रू. | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. | पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय अधारताल जबलपुर अंतर्गत विभिन्न नवीनीकरण कार्य हेतु/परामर्शी सेवा/संस्था (फर्म)/कम्पनी। | Nil | 50,000/- | 5,000/- | - |
| 2 | नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय,अंतर्गत विभिन्न संस्थानों/ इकाइयों में कार्य हेतु हार्डवेयर सामग्री की सप्लाई का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 10,000,00/- | 30,000/- | 2,000/- | वित्तीय वर्ष 2025-26 |

**नोट-** 1. निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथिः दिनांक 28/02/2026 प्रातः 10:30 से दिनांक 10/03/2026 सायं 05:30 बजे तक, 2. बिड भरने की अंतिम तिथिः 10/03/2026 सायं 5:30 बजे, 3. निविदा की धरोहर राशि एवं अन्य दस्तावेज कार्यालय में जमा करने की तिथिः 12/03/2026 सायं 05:30 बजे तक केवल रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट द्वारा भेजी गईं निविदायें ही मान्य की जावेगी। 4. टेक्निकल बीड खोलने की तिथिः दिनांक 16/03/2026 प्रातः 1030 से 5. प्राईज बीड खोलने की तिथिः दिनांक 17/03/2026 प्रातः 10:30 बजे से। उपरोक्त निविदा प्रपत्र को बेवसाईट पर केवल ऑनलाईन क्रय किया जा सकता है एवं ऑन लाइन दर भरी जावेगी।

**निविदा कय करने हेतु निम्न दस्तावेज आवश्यक होंगे :-** (बेवसाइट www.mptenders.gov.in देखें।)
वेबसाइट में दर्शाये गये आवश्यक दस्तावेजों की हार्ड कॉपी जो कार्यालय में प्रस्तुत की जावेगी, उनको ई-पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। कोई भी दस्तावेज मिस मैच पाये जाने पर निविदा निरस्त कर दी जावेगी। **कार्यालय का पता-** कार्यालय सम्पदा अधिकारी/कार्यपालन यंत्री, नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, इंडियन कॉफी हाउस के सामने, अधारताल, जबलपुर 482004.

**नियम एवं शर्तें :** निविदा को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित है। **सम्पदा अधिकारी**

खंड-1

**मध्यप्रदेश शासन**
**कार्यालय सामान्य वनमण्डल डिण्डौरी मध्यप्रदेश**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 2026_MPED_484803_1/ ई-टेंडरिंग/2025-26 दिनांक 24/02/2026

* वनमण्डलाधिकारी सामान्य वनमंडल डिण्डोरी द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित-2022) के अन्तर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।
* सामग्री क्रय हेतु निविदा को निर्धारित प्रारूप में वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in/ ऑन-लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना है।
* निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | सामग्री का नाम | स्पेशिफिकेशन | अनुमानित मात्रा | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Handheld Blowers BG 86 | **Key Specifications:** **Power Source:** Petrol (Gasoline) **Engine Displacement:** 27.2 cc **Blowing Force:** 15 N (Newtons) **Max. Air Velocity:** Up to 74 m/s (190 mph) (with flat nozzle) **Max. Air Volume (Throughput):** Up to 810 $m^3$/h (with round nozzle) **Weight:** Approx. 4.4 - 4.5 kg (9.7 - 9.9 lbs) **Sound Pressure Level:** -70 dB(A) (USA)/90 dB(A) (India) **Features:** Anti-Vibration System, Soft Grip, Purge Pump Primer, Heart HD2 Air Filter, Round & Flat Nozzles **Performance Details:** **With Round Nozzle:** 755 $m^3$/h (459 cfm) at 63 m/s (154 mph) **With Flat Nozzle:** 620 $m^3$/h (359 cfm) at 74 m/s (190 mph) **Technologies:** **2-MIX Engine:** Saves up to 20% fuel and reduces emissions. **Anti-Static System:** Prevents electrostatic charge buildup on the housing. | अनुमानित | ₹12,000/- | 1000/- |

* निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निशुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते है।
* इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/ कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 26/02/2026 बजे Time10:00 Am से दिनांक 04/03/2026, बजे Time06:00 Pm तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
* ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्तवपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी।
* निविदा पूर्व बैठक दिनांक xx/xx/xxxसमयxx:xxPm को उप डिण्डौरी सामान्य वनमण्डल कार्यालय में आयोजित की जायेगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं या विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग ले सकते है। निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होगें जिन्होने ई-टेंडर फॉर्म खरीदे है।
* ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जायेगा, समाचार पत्रों में नहीं।
* ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल : https://www.mptenders.gov.in

जी-26541/25 **बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल** **वनमण्डलाधिकारी सामान्य वनमण्डल डिण्डोरी**

**मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड**
**कॉर्पोरेट कार्यालय : मोतीलाल ओसवाल टॉवर, रहीमतुल्लाह सयानी रोड, एसटी डिपो के सामने, प्रभादेवी, मुंबई-400025. ईमेल :** hfquery@motilaloaswal.com.
**सीआईएन संख्या :** U65923MH2013PLC248741

**ई-नीलामी सह बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु 15 दिनों की ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के साथ पठित. एतद् द्वारा आम जनता और विशेष रूप से ऋणकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं को सूचित किया जाता है कि मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के पास बंधक रखी गई निम्नलिखित संपत्ति को 'जैसी है जहाँ है', 'जैसी है जो है' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर 'ऑनलाइन ई-नीलामी' के माध्यम से बेचा जाएगा. बकाया राशि और अतिरिक्त ब्याज, शुल्क और लागत आदि की वसूली के लिए, जैसा कि नीचे SARFAESI अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित किया गया है. www.motilaloswalhf.com" पर नीचे दिए गए विवरण के अनुसार :-

**ई-नीलामी की तिथि और समय : 23-3-2026/सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक (प्रत्येक 15 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)**

| क्र. | उधारकर्ता/ गारंटर/ऋण खाता | मांग नोटिस तिथि और राशि | अचल संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य, अग्रिम राशि और अग्रिम राशि जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **LAN: LXMOJABALP5524-250727984 शाखा :** जबलपुर **ऋणकर्ता :** विनोद कुमार विश्वकर्मा **सह-ऋणकर्ता :** मंजुला विश्वकर्मा | 7-11-2024 के लिए रु. 2212000/- (रु. बाइस लाख बारह हजार मात्र) | प्लॉट संख्या 15 का भाग, स्थित खसरा संख्या 9/14 मोजा सुहागी, पीएच संख्या 17 ग्राम पंचायत सुहागी, तहसील एवं जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश 0 0, राम दरबार मंदिर के पास 483225 जबलपुर, मध्य प्रदेश | **आरक्षित मूल्य : रुपये 700000/- (रु. सात लाख मात्र) ईएमडी : रुपये 70000/- (रु. सत्तर हजार मात्र) ईएमडी जमा की अंतिम तिथि : 22-03-2026** |

**नियम एवं शर्तें :-** 1. नीलामी बोली दस्तावेज़ में उल्लिखित नियमों एवं शर्तों तथा उसमें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आयोजित की जाएगी. बोलीदाता बोली संबंधी जानकारी एवं सहायता, ई-नीलामी के लिए रखी गई सुरक्षित संपत्ति का विवरण और ऑनलाइन जमा किए जाने वाले बोली प्रपत्र के लिए हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता, मेसर्स ARCA EMART PRIVATE LIMITED के वेब पोर्टल- https://www.auctionbazaar.com/ पर जा सकते हैं. इच्छुक खरीदार उसी पोर्टल पर नीलामी के नियम और शर्तें और प्रक्रिया देख सकते हैं और **मनीष कुमार ओमप्रकाश यादव - 9826473666, भूपेन्द्र खीची - 9372704781, गिर्राज सिंह यादव - 9074840399, मुकेश धाकड़ - 9372704710, पंकज पांडे - 9340243244, रवीन्द्र कुमार सोनी - 9589328548, रोहित सिंह चौहान - 9575511158, शशिकांत चतुर्वेदी - 8964966355, तरूण रघुवंशी - 9329414448, विजय सिंह - 9372505110, योगेश राजेश मधोरिया- 9630866533** से संपर्क कर सकते हैं. विवरण उपरोक्त वेब पोर्टल पर उपलब्ध है और उनके केंद्रीकृत हेल्प डेस्क से संपर्क कर सकते हैं- +91 83709 69696, ई-मेल आईडी- contact@auctionbazaar.com.

**एसडी/-**
**स्थान : मध्य प्रदेश**
**दिनांक : 28.2.2026** अनुवाद में त्रुटियां/विसंगति होने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा.
**प्राधिकृत अधिकारी, मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (पहले एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से जानी जाती थी)**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र.-2 जबलपुर**
**AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED OFFICE**
**इंदिरा गांधी मार्ग, साऊथ सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) पिन- 482001 फोन नं. 0761-2622333** E-mail : eepwd2jbp@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्र.-42/व.ले.लि./2025-26 जबलपुर, दिनांक-18/02/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना क्र.-42**

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फता निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे।

| स. क्र. | टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | 2026_PWDRB_483475_pack1 | उपसंभाग क्र. 2, जबलपुर अंतर्गत उपखण्ड क्र.2 आवासीय कालोनी में दरवाजे, खिड़की मरम्मत एवं एल्युमिनियम का कार्य। | प्रथम | 19.90 | 40,000/- | 2000/- | 2 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 2 | 2026_PWDRB_483476_pack1 | उपसंभाग क्र. 2, जबलपुर अंतर्गत उपखण्ड क्र. 2 आवासीय कालोनी में वाटर सप्लाई, रखरखाव एवं सीवर लाईन। | प्रथम | 19.90 | 40,000/- | 2000/- | |
| 3 | 2026_PWDRB_483477_pack1 | सिविल लाईन स्थित विभिन्न बंगलों में प्रोफाईल शीट रूफिंग एवं पॉलीकार्बोनिट पुफिंग का कार्य। | प्रथम | 19.97 | 40,000/- | 2000/- | |
| 4 | 2026_PWDRB_483479_pack1 | सिविल लाइन स्थित न्यायाधीश बंगलों में सेनेटरी लाईन एवं चेम्बर का कार्य। | प्रथम | 19.99 | 40,000/- | 2000/- | |
| 5 | 2026_PWDRB_483481_pack1 | शंकर शाह नगर स्थित आवासीय कालोनी में मरम्मत, रखरखाव, नाली एवं अन्य कार्य। | प्रथम | 19.90 | 40,000/- | 2000/- | |
| 6 | 2026_PWDRB_483484_pack1 | उपसंभाग क्र. 4 के अंतर्गत आवासीय भवनों में रखरखाव, प्लास्टर मरम्मत, दरवाजे खिड़की, प्रोफाईल शीट एवं अन्य कार्य। | प्रथम | 19.80 | 40,000/- | 2000/- | |
| 7 | 2026_PWDRB_483485_pack1 | सिविल लाईन स्थित ऑफीसर्स बंगलों में छत बदलना एवं एल्युमिनियम खिड़कियों का कार्य। | प्रथम | 19.98 | 40,000/- | 2000/- | |
| 8 | 2026_PWDRB_483486_pack1 | सिविल लाईन स्थित व्ही.आई.पी. बंगलों में प्लास्टर मरम्मत, बाउण्ड्रीवॉल एवं अन्य कार्य। | प्रथम | 19.96 | 40,000/- | 2000/- | |
| 9 | 2026_PWDRB_483487_pack1 | रामपुर स्थित आवासी कालोनी में विभिन्न मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.90 | 40,000/- | 2000/- | |
| 10 | 2026_PWDRB_483489_pack1 | पाटन मनखेड़ी उपखण्ड के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में बी.टी. पेंच रिपेयर का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | द्वितीय | 19.90 | 40,000/- | 2000/- | |
| 11 | 2026_PWDRB_483490_pack1 | रानी दुर्गावती वार्ड जबलपुर के अंतर्गत छोटी बजरिया, पचमठा एवं मुजावर मोहल्ला के सी.सी. मार्ग में सुदृढ़ीकरण का कार्य। (तृतीय आमंत्रण) | तृतीय | 250.90 | 250900/- | 15000/- | 05 माह (वर्षा ऋतु सहित) |

टीपः-(1) निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं निविदा ऑनलाईन अपलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 09/03/2026 समय 17.30 बजे तक है। इलेक्ट्रानिक ई.एम.डी. (RTGS/NEFT) के माध्यम से एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही स्वीकार किये जावेगे। (2) अन्य विस्तृत विवरण एवं संशोधन ऑनलाईन पोर्टल पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुनः प्रकाशन नहीं कराया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग-2 जबलपुर**

जी-26390/25 **स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता**